# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025






32 Years of Experience
II HARE KRISHNA II
SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993
DIWALI SPECIAL OFFERS
घर हो या फ्लैट,
बस एक ही नाम
सिंघानिया बिल्डकॉन
2, 3 & 4 BHK SPACIOUS APARTMENT
COMMERCIAL SHOP, OFFICE SPACE
RERA REG. NO. : PCGRERA270618000348
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
Near AIIMS, Hirapur Chowk, Raipur
PRICE STARTING FROM ₹28.00 Lakh Onwards
HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL
FOR BOOKING : 8302 321 321
PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS
PLOT : 600-1700 SQ.FT.
RERA REG. NO. : PCGRERA040123001580
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
HARSHIT GOLD CITY
Vidhansabha Road, Nardaha Raipur
PRICE STARTING FROM ₹10.90 Lakh Onwards
HARSHIT GOLD CITY
FOR BOOKING : 9827 321 321
LAST 5 PLOTS LEFT!
PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS
PLOT : 500-3000 SQ.FT.
RERA REG. NO. : PCGRERA250724001799
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
Opp. D-Mart, Raipura, Raipur
PRICE STARTING FROM ₹28.00 Lakh Onwards
HARSHIT URBAN CITY
FOR BOOKING : 9827 321 321
*T&C Apply
Fully Developed Road
Water Supply Line
Temple
Street lights
Garden
Security Service
Rain Water Harvesting
Transformer
Water Tank
Natural Environment
Covered Campus
आपका अपना घर, फ्लैट आज ही बुक करें!
9827-321-321
www.singhaniabuildcon.com
Credai Member CREDAI Chhattisgarh
RERA APPROVED

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025


### नए विधानसभा भवन का होगा उद्घाटन

*तीन सौ करोड़ से ज्यादा की लागत वाले विधानसभा भवन में, विधानसभा अध्यक्ष का कक्ष, मुख्यमंत्री का कक्ष तथा सम्पूर्ण परिसर में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। विधानसभा 52 एकड़ में बना है। यह नवीन विधानसभा भवन आधुनिक तकनीकी विशेषताओं और सांस्कृतिक सौंदर्य से युक्त एक भव्य परिसर होगा। सदन में 200 विधायकों के बैठने की क्षमता के साथ-साथ 500 दर्शकों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया गया है। परिसर में 700 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। डेढ़-डेढ़ एकड़ क्षेत्र में दो प्रस्तावित सरोवर, विकसित किए जा रहे हैं। 30 सितंबर को भवन, छत्तीसगढ़ विधानसभा को हैंडओवर कर दिया जाएगा। 300 किलोवाट का सोलर पैनल छत्तीसगढ़ विधानसभा में लगाया गया है। स्पीकर से लेकर सीएम, नेता प्रतिपक्ष, सभी मंत्रियों के लिए अलग कक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा विधायकों के लिए भी सदन के बाहर बैठने के लिए अलग व्यवस्था की गई है।*

## रास्ते में कई स्थानों पर छत्तीसगढ़ संस्कृति से होगा स्वागत, रोड शो होगी, कार्यकर्ता और जनता जुटेगी

# एयरपोर्ट से नवा रायपुर तक, पीएम मोदी के भव्य स्वागत की तैयारी, रोड शो संभव, प्रदेशभर से हजारों लोग जुटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती स्थापना समारोह में शामिल होने के लिए 31 अक्टूबर को ही रायपुर पहुंच जाएंगे। शाम को यहां पहुंचने पर जहां विमानतल पर उनका भव्य स्वागत होगा, वहीं विमानतल से लेकर नया रायपुर तक कई स्थानों में उनका छत्तीसगढ़ी संस्कृति से स्वागत होगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। हजारों की संख्या में आमजन और भाजपा के भी कार्यकर्ता जुटेंगे। नया रायपुर में जहां 31 अक्टूबर को पीएम मोदी ब्रम्हाकुमारी के नए शांति शिखर भवन का उद्घाटन करेंगे, वहीं एक नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर नवा रायपुर में विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### विमानतल पर होगा भव्य स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पहली बार यहां पर दो दिनों तक रहेंगे। वे 31 अक्टूबर को यहां पहुंच जाएंगे। जब वे शाम को 7 से 7.30 बजे के बीच रायपुर पहुंचेंगे तो उनका विमानतल पर भव्य स्वागत होगा। उनके स्वागत में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही पूरा मंत्रिमंडल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश के सभी सांसद, विधायकों के साथ भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता, ▶▶| शेष पेज 6 पर



### ब्रम्हाकुमारी के शांति शिखर भवन का उद्घाटन

पीएम मोदी विमानतल से सीधे नया रायपुर के सेक्टर 11 पहुंचेंगे जहां पर वे ब्रम्हाकुमारी के नए शांति शिखर भवन का उद्घाटन करेंगे। यह भवन एक रिट्रीट सेंटर है जो आत्म विकास, शांति आध्यात्मिक अनुभव के लिए बनाया ▶▶| शेष पेज 6 पर


आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹89861/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹109750/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹119802/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels, Pandri, Raipur

*Conditions apply



फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ

B.PHARMACY
D.PHARMACY
M.PHARMACY

ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि 13-10-24 से 18-10-24 तक

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी

7222910441/30


## शेयर बाजार में तबाही, क्रिप्टो मार्केट भी दहला, डूबे 177.44 लाख करोड़ रुपए

# चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात नियमों में की सख्ती तो अमेरिका ने लगाया 100% टैरिफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका और चीन रेयर अर्थ मिनरल्स और टैरिफ को लेकर आपस में उलझ गए हैं। इधर, चीन ने टैरिफ का बदला लेने के लिए अपनी सारी क्रिप्टोकरेंसी बेच दी है। इससे क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में भारी तबाही का मंजर देखने को मिला है। शेयर बाजार में गिरावट से अनुमानित 1.75 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। क्रिप्टो और स्टॉक मार्केट को मिला दिया जाए तो निवेशकों को करीब 2 ट्रिलियन डॉलर या 177.44 लाख करोड़ रुपए का लॉस हुआ है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि एक नवंबर से चीन द्वारा व्यापार को लेकर दिखाई जाने वाली अप्रत्याशित सख्ती से अमेरिका भी भली भांति ▶▶| शेष पेज 6 पर

तकनीक के रथ पर सवार 21वीं शताब्दी का उभार बहुत हद तक रेयर अर्थ मिनरल्स पर टिका हुआ है। ये सच्चाई हालांकि किसी से छिपी हुई नहीं है। लेकिन इसमें महारत रखने वाले चीन ने जैसे ही अगले महीने 1 नवंबर से जब इन मिनरल्स के निर्यात नियमों पर और सख्ती लागू की तो जवाब में अमेरिका ने भी समान तारीख से ड्रैगन के सभी उत्पादों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया है। चीन-अमेरिका के बीच घटे इस पूरे घटनाक्रम से दुनिया के दो बड़े देशों के बीच व्यापार युद्ध गहराने का खतरा बढ़ गया है। जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ेगा।

### विश्व की दो महाशक्तियों के बीच छिड़े इस 'ट्रेड वार' का भारत पर भी पड़ेगा असर

#### क्रिप्टो मार्केट में हाहाकार

टैरिफ के झटके के बाद, 11 अक्टूबर को दोपहर 12:42 बजे तक बिटकॉइन 8% से ज्यादा गिरकर 1,11,542.91 यूएस डॉलर पर आ गया। इसका मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर 2.22 यूएस ट्रिलियन डॉलर रह गया।



#### अब नहीं होगी ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात

डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने के अंत में साउथ कोरिया में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने की अपनी योजना पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### चीन ने दबाई ट्रंप की दुखती नस

चीन ने 100 फीसदी ट्रंप टैरिफ की खुन्नस निकालने के लिए अपने देश में निवेशित सभी क्रिप्टोकरेंसी बेच दी है। खबर है कि चीन के पास अब एक भी बिटकॉइन नहीं है और उसने सारे बिटकॉन का सफाया कर दिया है। कॉइनग्लास के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 16 लाख से ज्यादा ट्रेडर्स ने अपनी संपत्तियां बेच दीं। शुक्रवार को एक घंटे से भी कम समय में 7 अरब डॉलर से ज्यादा की बिक्री हुई। डोनाल्ड ट्रंप फैमिली का क्रिप्टोकरंसी में बड़ा बिजनेस है।

#### भारत पर असर

*भारत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और रक्षा उद्योग के लिए रेयर अर्थ-आधारित पुर्जों का आयात करता है। अमेरिका-चीन तनाव लंबा खिंचने पर कीमतें बढ़ सकती हैं और सप्लाई बाधित हो सकती है। रेयर अर्थ मिनरल्स यानि 17 दुर्लभ धातुएं, जिनका उपयोग स्मार्टफोन, इलेक्ट्रिक वाहन, विंड टरबाइन और मिसाइलों में होता है।*

#### क्रिप्टो बाजार में झटका

- ट्रंप के ऐलान के तुरंत बाद बिटकॉइन और इथेरियम जैसी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी के दाम गिर गए
- बिटकॉइन 10% से ज्यादा गिरकर $1,10,000 के नीचे चला गया, बाद में हल्का सुधार होकर $1,13,096 पर पहुंचा
- इथेरियम 11.2% टूटकर $3,878 पर आ गया.
- बीएनबी, सोलाना और एक्सआरपी और जैसी क्रिप्टोकरेंसी में भी 14% से 18% तक गिरावट दर्ज की गई
- ट्रेड वार के डर से निवेशकों ने जोखिम भरे निवेश, जैसे क्रिप्टो और टेक स्टॉक्स, से पैसा निकालना शुरू कर दिया है

## साय बोले : प्रदेश में खेती किसानी की तस्वीर बदलेगी और आएगी संपन्नता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित मुख्य समारोह से देश के किसानों को 41 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया। उन्होंने इस मौके पर दो नई योजनाएं- प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषक सभागार से हजारों किसानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा ऑनलाईन जुड़कर इस अभियान के शुभारंभ के साक्षी बने। इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पशुपालन, मत्स्यपालन एवं डेयरी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### योजनाओं में छत्तीसगढ़ के तीन जिले

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बड़ी ख़ुशी की बात है कि किसान हित में दो नई योजनाओं में छत्तीसगढ़ के तीन जिलों जशपुर, कोरबा और दंतेवाड़ा को भी शामिल किया गया है। इसके लिए मैं छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### खबर संक्षेप

#### विमान के चेन्नई पहुंचने से पहले 'विंडशील्ड' में दरार

**चेन्नई।** मदुरै से 76 यात्रियों को लेकर आ रहे इंडिगो के एक विमान के पायलट को लैंडिंग से पहले 'विंडशील्ड' में दरार आने का पता चला। पायलट ने आगे के शीशे में दरार देखी और हवाई अड्डे पर मौजूद हवाई यातायात नियंत्रक को सूचित किया। सूचना मिलने पर हवाई अड्डे पर व्यवस्था की गई और विमान सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। विमान को अलग पार्किंग क्षेत्र में ले जाया गया और फिर यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतारा गया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल 'विंडशील्ड' बदलने की व्यवस्था की जा रही है और विंडशील्ड टूटने का कारण अभी पता नहीं चला है। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना के कारण मदुरै के लिए, विमान की वापसी यात्रा रद्द कर दी गई है।

## ईडी और ईओब्ल्यू की दिक्कतें बढ़ीं, देने वाले कबूल नहीं रहे क्योंकि फंसेगा आयकर का फंदा

# 800 करोड़ के घोटाले, घूस लेने वाले अंदर देने वाले बाहर, वजह...इनकम टैक्स का पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल के एक के बाद घोटाले सामने आएं। अब तक करीब 8 हजार करोड़ के घोटालों का खुलासा जांच एजेंसियों ने किया है। दिलचस्प ये है कि घोटालों में घूस लेने वाले गिरफ्त में आते जा रहे हैं, लेकिन संबंधित आरोपियों को रिश्वत की रकम देने वाले पकड़ में ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### समय सीमा की परेशानी भी

जानकारों की मानें तो ईडी जैसी एजेंसी मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों की जब जांच शुरु करती है तो उसके पास आरोपियों के खिलाफ चालान पेश करने की समय सीमा होती है। यही नहीं मनी ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### ये है कानूनी पहलू और पेंच

दरअसल जब सरकारी जांच एजेंसियां किसी आरोपी की संपत्ति, बैंक ट्रांजेक्शन और आय का ब्योरा खंगालना चाहती तो यह काम आयकर विभाग की अनुमति के बिना संभव नहीं है। यह ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### कोई गवाही के लिए तैयार नहीं

आर्थिक अपराध खासकर रिश्वत के मामलों में दो पक्ष होते हैं, एक घूस लेने वाला एक देने वाला। कानूनन दोनों की अपराध के दायरे में होते हैं। लेकिन वाले तो पकड़ लिए जाते हैं, देने वालों ▶▶| शेष पेज 6 पर

# 'फर्जी' बैंक गारंटी, रिलायंस पावर के सीएफओ गिरफ्तार

### अंबानी की कंपनी पर ईडी का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी को 68 करोड़ रुपए की कथित फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने अशोक पाल से पूछताछ करने के बाद उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत शुक्रवार रात हिरासत में ले लिया। यह मामला सूचीबद्ध कंपनी रिलायंस पावर की सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड की ओर से सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को जमा की गई 68.2 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी से संबंधित है, जो 'फर्जी' पाई गई।

#### क्या है आरोप

ईडी की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कंपनी ने कमीशन के लिए 'फर्जी' बिल भी जारी किए। कई 'अघोषित' बैंक खातों का इस्तेमाल किया। कंपनी 'मात्र एक कागजी संस्था' है क्योंकि इसका पंजीकृत कार्यालय बिस्वाल के एक रिश्तेदार की आवासीय संपत्ति है और छापेमारी के दौरान पते पर कंपनी का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला।

### कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, मुख्य सचिव से मांगा जवाब

# एचआईवी महिला मरीज की पहचान पर हाईकोर्ट ने 15 तक मांगा शपथ पत्र


मासूम के सीने के पास चस्पा कर दी तख्ती, इसकी मां एचआईवी पॉजिटिव है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रायपुर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में एचआईवी पॉजिटिव महिला मरीज की पहचान सार्वजनिक करने की घटना पर कड़ी नाराजगी जताई है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की खंडपीठ ने शुक्रवार को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार के मुख्य सचिव से व्यक्तिगत शपथपत्र मांगा है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 15 अक्टूबर 2025 तक व्यक्तिगत ▶▶| शेष पेज 6 पर

- कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 15 तक व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करें

#### जीवन और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन

कोर्ट ने कहा कि यह कार्य सीधे तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि, राज्य के इतने प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान से यह अपेक्षा की जाती है कि वह रोगियों के साथ अत्यधिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करे। एचआईवी/एड्स जैसे सामाजिक रूप से संवेदनशील मामलों में पहचान उजागर करना गंभीर चूक है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे 15 अक्टूबर 2025 तक व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत करें। इसमें यह स्पष्ट किया जाए कि, सरकारी अस्पतालों, मेडिकल ▶▶| शेष पेज 6 पर




**अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया है। अब सवाल यह है कि भारत ने कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान के साथ आखिरकार दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? इसके पीछे रणनीति क्या है। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# अफगानिस्तान-हिंदुस्तान के नए रिश्ते



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

अफगानिस्तान में अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान हुकूमत के सत्तासीन होने के पश्चात वहां के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी ने पहली दफा जिस मुल्क का कूटनीतिक दौरा अंजाम दिया है, वह मुल्क है हिंदुस्तान। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी पर किसी भी विदेशी मुल्क की यात्रा करने पर प्रतिबंध आयद किया हुआ है, क्योंकि मुत्तकी संयुक्त राष्ट्र सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा घोषित और प्रतिबंधित किए गए वैश्विक आतंकवादियों की लिस्ट में अभी तक शुमार हैं। भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। विश्व पटल पर बॉयकाट मुल्क करार कर दिए गए अफगानिस्तान को भारत सरकार ने आखिरकार अपने गले से क्यों और कैसे लगा लिया है। वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का मूल मंत्र रहा है कि दुश्मन का दुश्मन सदैव ही दोस्त हुआ करता है। वैश्विक कूटनीति के इसी मंत्र का जाप करते हुए भारतीय विदेश नीति ने अपनी करवट बदल ली है और अब अफगानिस्तान से प्रबल दोस्ती करने की ठान ली है।

**भारत की कूटनीतिक पहल पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 9 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक आमिर खान मुत्तकी को भारत का कूटनीतिक दौरा करने की विशेष अनुमति प्रदान की गई। हालांकि भारत द्वारा अभी तक अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत को बाकायदा मान्यता प्रदान नहीं की गई। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।**

## आतंक का गढ़ अफगानिस्तान

भारत और अफगानिस्तान के कूटनीतिक तौर पर अत्यंत निकट आ जाने के पीछे विशिष्ट कारण रहा है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के ताल्लुकात बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। इधर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रति शत्रुता पूर्ण रुख अख्तियार करके पाकिस्तान के प्रति अपनी जबरदस्त मोहब्बत और दोस्ती का इजहार कर दिया गया है। वैश्विक जेहादी आतंकवाद का पाकिस्तान के बाद सबसे बड़ा गढ़ करार दिए जाने वाले कट्टर इस्लामी मुल्क अफगानिस्तान से आखिरकार जनतांत्रिक भारत ने दोस्ती का हाथ क्यों बढ़ा दिया है? यक्ष प्रश्न है? जोकि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के अनेक जाने-माने जानकारों के दिलों दिमाग में कौंध रहा है? अगस्त वर्ष 2021 में तालिबान के दुर्दांत जेहादी लड़ाकों ने अमेरिकन हुकूमत द्वारा सैन्य रूप से समर्थित और पोषित अफगानिस्तान की अशरफ गनी और अब्दुल्ला सरकार को सत्ता से उखाड़ कर संपूर्ण अफगानिस्तान पर अपना सैन्य आधिपत्य स्थापित कर लिया। अफगानिस्तान से अमेरिकन सैनिकों को अपने आधुनिकतम हथियारों को छोड़कर उसी तरह से पलायन कर जाने पर विवश हो जाना पड़ा, जिस तरह से कभी वियतनाम से अमेरिकी सैनिक मैदान ए जंग को छोड़कर भाग खड़े हुए थे। तालिबान हुकूमत को दुनिया के किसी भी मुल्क ने उस वक्त मान्यता प्रदान नहीं की, यहां तक कि पाकिस्तान ने भी नहीं दी। भारत ने भी वर्ष 2021 में काबुल स्थित अपना दूतावास बंद कर दिया था।



## रूस ने दी सबसे पहले मान्यता

4 जुलाई 2025 को सबसे पहले तालिबान हुकूमत को मान्यता प्रदान करने वाला मुल्क बना प्रेसिडेंट पुतिन का रूस। जबकि अफ़ग़ानिस्तान में वर्ष 1980 से 1990 तक अफगान मुजाहिद और रुस के सैनिक भीषण तौर पर युद्धरत रहे। कूटनीति के मैदान में कोई भी मुल्क सदैव के लिए दुश्मन और दोस्त नहीं हुआ करते हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और पोषित आतंकवादियों के नृशंस बर्बर आक्रमण के तत्पश्चात तालीबान हुकूमत ने जिस तरह की हार्दिक सहानुभूति और संवेदनशीलता भारत के प्रति प्रकट की थी, उसी के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार का कूटनीतिक दृष्टिकोण अफगानिस्तान के प्रति परिवर्तित होना प्रारंभ हो गया था। कूटनीटिक परिवर्तन के तत्पश्चात दोनों देशों की कूटनीतिज्ञों के मध्य घनिष्ठ वार्ताएं प्रारंभ हुई। वर्ष 2021 के बाद समाप्त हो गए पारस्परिक व्यापारिक रिश्ते फिर से कायम हो गए। तालिबान हुकूमत के सत्ताशीन होने से पहले भारत ने मुखतलिफ प्रोजेक्टस में दस हजार करोड़ का आर्थिक सहायता निवेश अफगानिस्तान में अंजाम दिया था।

## खनन कंपनियों को न्योता

सर्वविदित है कि अफगानिस्तान में खनिजों का एक बड़ा खजाना विद्यमान है। भारत की खनन कंपनियों को तालिबान हुकूमत ने अफगानिस्तान में खनन करने के लिए आमंत्रित किया है। वस्तुतः भारत भी रूस की तरह से ही अफगानिस्तान को कूटनीतिक मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया में संलग्न है। नई दिल्ली में 9 अक्टूबर को तालिबान हुकूमत के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी से द्विपक्षीय वार्ता के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऐलान कर दिया है कि भारत अपने टेक्निकल मिशन को अफगानिस्तान में भारतीय दूतावास के स्तर पर ले जाने का फैसला कर चुका है। औपचारिक तौर पर तो कदाचित नहीं, वरन् अनौपचारिक तौर से भारत ने अफगानिस्तान को मान्यता प्रदान कर ही दी है। आमिर खान मुत्तकी का दिनांक 9 अक्टूबर कूटनीतिक दौरा भारत में प्रारंभ हुआ, उसी रोज पाकिस्तान वायुसेना के बमवर्षक विमानों ने काबुल पर बमबारी अंजाम दी है। भारत की सरजमीं से अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को सीधी सैन्य चुनौती देते हुए फरमाया कि पाकिस्तान हमारी कुव्वत और हिम्मत को परखने की कोशिश कदापि ना करें तथा किसी तरह से हिमाकत करने से पहले अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो देशों से हमारी लड़ाकू शक्ति बारे में जाकर समुचित जानकारी तो ले ले। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने विशिष्ट ऐलान किया अफगानिस्तान में अब कोई आतंकवादी गिरोह शेष नहीं बचा है। हमारी अफ़गान सरजमीं का एक भी इंच टुकड़ा भी आतंकवादियों के नियंत्रण में नहीं है। वर्ष 2021 में जिस अमेरिका परस्त अशरफ गनी हुकूमत के खिलाफ हमने मिलिटेंट ऑपरेशन अंजाम दिया था, तालिबान हुकूमत के तहत वो अफगानिस्तान अब पूरी तरह से परिवर्तित हो चुका है। उन्होंने साफ तौर पर बयान किया कि पाकिस्तान और अन्य देश भी आतंकवादियों के खिलाफ वैसा ही जबरदस्त कदम उठाएं जैसा कठोर कदम अफगानिस्तान ने शांति और अमन स्थापित करने के लिए उठाया है।

## दोस्ती के रास्ते खुले

भारत यकीनन दुनिया में किसी भी मुल्क से दुश्मनी नहीं चाहता। भारत ने तो पाकिस्तान से भी दोस्ती करने के अनेक दफा गंभीर प्रयास किए, लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला। अब तो अफगानिस्तान वस्तुतः भारत का प्रबल दोस्त बन जाने के कगार पर खड़ा है। उम्मीद जगी है कि भारत और अफगानिस्तान की दोस्ती भारतीय महाद्वीप में संभवतः एक नया रंग ला पाएगी।

# बहुत गहरी हैं भारत-अफगान संबंधों की ऐतिहासिक जड़ें



**उम्मीद**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी अमीर खान मुत्तकी की भारत यात्रा ने पुरानी दोस्ती में नई जान फूंक दी है। मुत्तकी बीते गुरुवार को राजधानी दिल्ली पहुंचे, जहां उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से विस्तृत चर्चा की। यह 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की पहली भारत यात्रा है। इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान को 'साझा खतरा' बताया, जबकि तालिबान ने 2025 के पहलगाम हमले की निंदा की। भारत-अफगानिस्तान संबंध शताब्दियों की परीक्षा से गुजरे हैं। प्राचीन बौद्ध विरासत से आधुनिक बुनियादी ढांचे तक, ये बंधन लचीले साबित हुए। मुत्तकी की यात्रा मानवतावादी सहायता को कूटनीतिक संवाद में बदलने का अवसर है। जैसे अशोक के शिलालेख आज भी बोलते हैं। दोनों देशों को आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक विकास जैसे साझा मुद्दों पर एकजुट होना होगा। यह न केवल क्षेत्रीय शांति के लिए जरूरी है, बल्कि साझा इतिहास की मांग भी। लेकिन मुत्तकी की यह यात्रा केवल वर्तमान की राजनीति नहीं, बल्कि भारत-अफगानिस्तान के गहन ऐतिहासिक बंधनों की याद दिलाती है। सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आधुनिक विकास परियोजनाओं तक, ये संबंध सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक धागों से बुने गए हैं। भारत और अफगानिस्तान के संबंध प्राचीन काल से ही गहरे हैं, जब ये क्षेत्र एक सांस्कृतिक निरंतरता का हिस्सा थे। सिंधु घाटी सभ्यता (लगभग 3300-1300 ईसा पूर्व) के अवशेष अफगानिस्तान के उत्तरी भागों में भी मिलते हैं, जो व्यापारिक मार्गों के माध्यम से जुड़े हुए थे। चंद्रगुप्त मौर्य के समय (305 ईसा पूर्व) यह संबंध औपचारिक रूप ले चुके थे। सेल्यूकस निकेटर ने अफगान क्षेत्र मौर्य साम्राज्य को सौंप दिया, बदले में 500 हाथी और वैवाहिक संबंध प्राप्त किए। सम्राट अशोक (268-232 ईसा पूर्व) ने अफगानिस्तान को बौद्ध धर्म का केंद्र बनाया। कंधार में उनके शिलालेख आज भी मौजूद हैं, जो धम्म के प्रचार की गवाही देते हैं। मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद भी, इंडो-ग्रीक और कुशान साम्राज्यों ने इस क्षेत्र को भारतीय उपमहाद्वीप से जोड़े रखा। कुषाण शासक कनिष्क (मध्य पहली शताब्दी) ने बौद्ध धर्म को पुनर्जीवित किया, जिसका प्रभाव गंधार कला में दिखता है। ये प्राचीन संबंध केवल राजनीतिक नहीं, सांस्कृतिक थे। अफगानिस्तान के बामियान बुद्ध (जो 2001 में तालिबान द्वारा नष्ट किए गए) भारतीय बौद्ध विरासत के प्रतीक थे। व्यापार मार्गों ने मसाले, रत्न और विचारों का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया, जो आज भी दोनों देशों की साझा विरासत को दर्शाता है। मध्यकाल में अफगानिस्तान भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों रहा। 10वीं शताब्दी से गजनवी, गौरी, खिलजी, लोदी और मुगल जैसे अफगान मूल के वंशों ने उत्तरी भारत पर आक्रमण किए, जो राजनीतिक उथल-पुथल लाए लेकिन सांस्कृतिक समन्वय भी। महमूद गजनवी (998-1030) के आक्रमणों ने सोमनाथ मंदिर को लूटा, लेकिन इन्होंने फारसी साहित्य और वास्तुकला को भारत में रोपा। गौरी वंश (12वीं शताब्दी) ने दिल्ली सल्तनत की नींव रखी, जो अफगान शासकों द्वारा संचालित थी। मुगल काल (1526-1858) में यह संबंध और गहरा हुआ। बाबर, अफगान मूल का था। 18वीं शताब्दी में अहमद शाह दुर्रानी ने अफगान साम्राज्य स्थापित किया, जिसने पंजाब तक विस्तार किया, लेकिन महाराजा रणजीत सिंह के सिख साम्राज्य ने इसे रोका। इस काल में आर्थिक लेन-देन फला-फूला। अफगानिस्तान के सूखे मेवे, घोड़े और ऊनी वस्त्र भारत पहुंचे, जबकि भारतीय वस्त्र और मसाले अफगान बाजारों में बिके। सांस्कृतिक रूप से, सूफी संतों जैसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (अजमेर) ने दोनों क्षेत्रों को जोड़ा। हालांकि आक्रमणों ने तनाव पैदा किया, लेकिन ये संबंध विनाशकारी नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी साबित हुए। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश उपनिवेशवाद ने इन संबंधों को नया मोड़ दिया। अफगानिस्तान और ब्रिटिश भारत पड़ोसी थे, लेकिन 'ग्रेट गेम' में रूस के साथ ब्रिटेन की होड़ ने अफगानिस्तान को बफर राज्य बना दिया। भारत ने अफगानिस्तान के साथ 1950 में 'मैत्री संधि' पर हस्ताक्षर किए, जो शांति और राजनयिक संबंधों की गारंटी थी। 1973 में मोहम्मद दाऊद खान के गणतंत्र को मान्यता दी गई, लेकिन 1979 के सोवियत आक्रमण ने संबंधों को जटिल कर दिया।

***इस मुलाकात में भारत ने काबुल में अपने पूर्ण दूतावास को फिर से सक्रिय करने की घोषणा की, जो चार वर्षों के अंतराल के बाद एक बड़ा कूटनीतिक कदम है। मुत्तकी की यात्रा से एक उम्मीद बंधी है।***

# अमेरिका समेत चीन व पाकिस्तान को संदेश



**कूटनीति**

डॉ. एन.के. सोमानी

स्वतंत्र पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी इन दिनों भारत के दौरे पर है। साल 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद यह पहला अवसर है जब तालिबान सरकार का कोई बड़ा मंत्री भारत के दौरे पर आया है। यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे अमेरिका, चीन और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है। खासतौर से भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ वार्ता के दौरान मुत्ताकी ने भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देने व भारत में दुतावास शुरू करने की बात कही है, उससे पाकिस्तान सकते में आ गया है। मुत्ताकी ने कहा कि भारत ने हमेशा मुश्किल समय में अफगानिस्तान का साथ दिया है। हमारे संबंध केवल व्यापार तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि सुरक्षा, संस्कृति, खेल और अन्य संबंधों से भी जुड़े हैं। मुत्ताकी अमेरिका द्वारा बगराम एयरबैस की मांग की पृष्ठभूमि के बीच भारत के दौरे पर आए हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि तालिबान सरकार द्वारा अमेरिका को बगराम एयरबेस देने से इनकार के बाद उपजे हालातों के दृष्टिगत अफगानिस्तान के विदेशमंत्री किसी कूटनीतिक लक्ष्य को साधने के लिए भारत से संबंध सुधारने की पहल कर रहे हैं। यह आशंका इसलिए उठ रही है क्योंकि मुत्ताकी भारत आने से पहले रूस गए थे। रूस यात्रा के दौरान भी उन्होंने बगराम एयरबैस का मुद्दा उठाया था। रणनीतिक दृष्टि से बगराम एयरबेस ईरान, पाकिस्तान, चीन और मध्य एशिया के समीप होने के कारण अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ठिकाना है। 2021 में अमेरिका ने इसी खाली कर दिया था। अब ट्रंप दोबारा सत्ता में आने के बाद इस पर फिर से कब्जा करना चाहते हैं। सत्ता में आने के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को दरकिनार कर भारत के साथ संबंध बढाने षुरू कर दिए। भारत ने मुत्ताकी के दौरे को औपचारिक मान्यता नहीं बल्कि रणनीतिक संवाद का माध्यम बताया है। भारत यात्रा के दौरान मुत्ताकी ने विदेशमंत्री व अन्य अधिकारियों से राजनयिक, व्यापारिक और आर्थिक साझेदारियों को लेकर बात कर है, उससे जाहिर है कि अफगानिस्तान की राजनीति में भारत के लिए दरवाजे खुले हुए हैं।

***मुत्ताकी ने जिस तरह से भारत-अफगानिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने की पहल की है, उससे चीन अमेरिका और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती दिख रही है***

# भारत की रणनीति ने पाकिस्तान को दिया जोर का झटका



**रणनीति**

महेंद्र पंडित

वरिष्ठ पत्रकार

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे ने पड़ोसी पाकिस्तान को जोर का झटका दिया है। भारत की इस रणनीति से पाकिस्तान इतना बौखलाया कि उसने विदेश मंत्री के भारत दौरे के बीच ही अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक को अंजाम दे दिया। हालांकि पाक दावा कर रहा है कि उसने टीटीपी के आतंकियों पर हवाई प्रहार किया है, लेकिन सच यही है कि पाक सरकार अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के भारत दौरे से इतनी घबराई है कि उसने अफगानिस्तान को चेताने के इरादे से ही हवाई हमले को अंजाम दिया है। असल में जब अफगान में हामिद करजई की सरकार थी, उसके बारे में यही कहा जाता था कि वो काबुल के चेयरमैन हैं, उससे ज्यादा कुछ नहीं। वो पूरी तरह से विदेशी सहायता पर निर्भर थे। इसी के चलते पाकिस्तान को अफगान में दखल का मौका मिल रहा था। अब तालिबान सरकार पूरी तरह से एकजुट दिख रही है। इसके चलते पाक को दखल का मौका मिलना तो दूर अफगान से सीधा मुकाबला भी मिल रहा है। वो पहले से ही अफगान सरकार के तेवर से बेहद परेशान था। अब अगर तालिबान सरकार को भारत का भी साथ मिलता है तो पहले से ही कंगाली की हालत में पहुंचे पाकिस्तान को जोर का झटका लगना तय है। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को ऑफिशियली मान्यता भी नहीं दी है। हालांकि भारत लंबे वक्त से अफगानिस्तान के साथ बैकडोर डिप्लोमेसी करता रहा है। यही कारण रहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अफगानिस्तान भारत के पक्ष में खड़ा नजर आया। अब आमिर खान मुत्तकी की भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात के दौरान दोनों ओर से कमाल की गर्मजोशी दिखी। एस. जयशंकर ने मुत्तकी को न सिर्फ गर्मजोशी से गले लगाया, बल्कि काबुल में भारत के तकनीकी मिशन को पूर्ण दूतावास का दर्जा देने की घोषणा भी कर दी। भारत ने उसे सद्भावना के नाम पर पांच एम्बुलेंस सौंप दी हैं। भारत का अफगानिस्तान के प्रति प्यार नया नहीं है। दशकों से हमने स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में करोड़ों रुपये झोंके हैं। कोविड वैक्सीन से लेकर गेहूं तक अफगानिस्तान को जब भी किसी सहायता की जरूरत महसूस हुई, भारत ने दी है।




आतंक का पोषक पाकिस्तान उम्मीद लगाए हुए था कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार भारत के खिलाफ उसके समर्थन में खड़ी होगी, लेकिन भारत की रणनीति ने उसे चारों खाने चित कर दिया। यही कारण है कि वह महज चार साल पहले अमेरिकी सेना के शिकंजे से आजाद हुए अफगानिस्तान पर हवाई हमले कर रहा है।

# अफगानिस्तान पर कूटनीतिक जागरूकता और सजगता जरूरी



**चौकसी**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र पत्रकार

वैश्विक राजनीति एवं कूटनीति को अपने-अपने देशों के हित में साधने के लिए भारत व अफगानिस्तान विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य के साथ अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी गत 9 अक्टूबर को छह दिवसीय भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचे और अगले ही दिन दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की एक उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इसमें भारतीय मंत्री ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पुनः दूतावास खोलने की बड़ी घोषणा की तथा अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।

इसी के साथ दोनों देशों के मंत्रियों ने पारस्परिक संप्रभुता एवं स्वायत्तता की सुरक्षा और द्विपक्षीय कूटनीतिक व व्यापारिक संबंधों की दृढ़ता के लिए भी महत्वपूर्ण संवाद किया है। अपनी यात्रावधि में अफगानी विदेश मंत्री भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परामर्शक अजीत डोभाल के साथ भी भेंटवार्ता करेंगे। विश्व के प्रमुख देशों की भांति ही भारत ने भी तालिबानी शासन को आधिकारिक मान्यता तो नहीं दी है, किंतु अफगानिस्तान के साथ भारत सहित सभी देशों के व्यापारिक-आर्थिक संबंध पहले जैसे ही हैं। नब्बे के दशक से लेकर 2014 तक अफगानिस्तान, रूस व अमेरिका की पारस्परिक शत्रुता का प्रायोगिक क्षेत्र बना रहा। कभी वहां रूसी सेना तैनात हुई थी। उस समयावधि के बाद से लेकर 2021 तक अमेरिकी सेना की तैनाती ने उस देश में तालिबान आतंकवाद को फलने-फूलने का अवसर दिया। हालांकि तालिबानी गतिविधियों को आतंकी गतिविधियां भी अमेरिका ने ही बताया था, जबकि अफगानिस्तान की अधि जनसंख्या अशरफ गनी के शासनकाल में भी तालिबानगामी शासन की पक्षधर थी। पूरे एक दशक तक तालिबानी लड़ाकों एवं अमेरिकी सेना के मध्य सशस्त्र संघर्ष होता रहा। इस अवधि में संपूर्ण अफगानिस्तान बुरी तरह अस्थिर रहा। अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, अफगानिस्तानी शासन व तालिबान समूह की कूटनीतियों के कारण यह देश निरंतर गृहयुद्ध व आत्मघात की स्थितियों-परिस्थितियों में पिसता रहा। इस स्थिति में भी भारत ने वहां के तत्कालीन शासन के सहयोग से उस देश में मूलभूत अवसंरचना के निर्माण सहित अनेक विकासपरक कार्य संपन्न किए, जिनका महत्व अब का तालिबानी शासन भी भलीभांति जानता-समझता है। वास्तव में अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के विदेश मंत्री की भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य बगराम हवाई क्षेत्र पर अमेरिका की गिद्धदृष्टि के प्रतिरोध में वैश्विक दक्षिण के प्रमुख व शक्तिशाली देशों का प्रतिरोधपरक समर्थन प्राप्त करना है। चूंकि इस संदर्भ में रूस के मास्को में आमिर खान मुत्तकी को रूस, चीन, पाकिस्तान, ईरान इत्यादि देशों ने अपना-अपना समर्थन दे दिया है, अतः अब तालिबानी नेता की मंशा है कि भारत भी बगराम हवाई स्थल पर अमेरिकी कब्जे की इच्छा का दृढ़ विरोध करे। अमेरिका के संदर्भ में यह अतिविडंबना ही मानी जाएगी कि अपने प्रथम कार्यकाल में जहां ट्रंप ने अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का विरोध किया, इसे धन-संसाधन की बर्बादी कहा, कार्यकाल के अंतिम दिनों में अमेरिकी सैनिकों की वापसी भी करवा दी तथा डेमोक्रेट्स के शासन में राष्ट्रपति जो. बाइडेन ने बगराम हवाई क्षेत्र में विद्यमान अंतिम अमेरिकी अवसंरचना हटा अफगानिस्तान को पूरी तरह अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप से मुक्त कर दिया था, वहां अब ट्रंप पुनः बगराम में एक प्रतीकात्मक अमेरिकी सैन्य शिविर की स्थापना करने को व्याकुल हैं। परिणामस्वरूप लोकतांत्रिक रूप में अस्थिर अनेक देशों में अमेरिका की ओर से सैन्य तैनातियां हुईं, सैन्य हस्तक्षेप बढ़ा, सामरिक संघर्ष हुआ तथा शासन विस्थापित हुए। दक्षिण एशिया में सन् 2014 तक अमेरिका ने जहां चीन एवं रूस के प्रतिरोध के लिए अफगानिस्तान, पाकिस्तान और भारत का उपयोग किया, वहीं अब चीन व रूस के अतिरिक्त भारत के प्रतिरोध हेतु भी वह अफगानिस्तान, पाकिस्तान सहित मध्य पूर्व के मुसलिम देशों का भी अपने सैन्य शिविरों के रूप में प्रयोग करना चाहता है।



**भारत ने अफगानिस्तान में पुनः दूतावास खोलने की घोषणा की व अफगानिस्तानी मंत्री ने कहा कि उनका शासन अपनी भूमि से भारत विरोधी किसी भी आतंकी षड्यंत्र व गतिविधि को नहीं होने देगा।**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के माध्यम से अमेरिका ने तालिबानी शासन पर अनेक स्तरीय प्रतिबंध आरोपित कर रखे हैं। इन्हीं प्रतिबंधों के कारण अब तक तालिबानी नेता विदेश यात्रा नहीं कर पा रहे थे। किंतु ज्यों ही सुरक्षा परिषद् ने प्रतिबंधों को सीमित किया, त्यों ही तालिबानी नेतृत्व अमेरिकी प्रयोग में फंसने से बचने हेतु प्रमुख रूप से रूस, भारत व चीन को साधने का प्रयास करने लगा है।

हमें तालिबानी शासन की मूल प्रवृत्ति को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से मुक्त शासन के अनुरूप देखना होगा, तब ही हम अफगानिस्तान के संदर्भ में एक सुरक्षित कूटनीतिक वातावरण निर्मित कर पाएंगे। अन्य देशों की भांति भारत के लिए भी वैश्विक कूटनीतियों के हल ढूंढना सुगम नहीं है। जब हम अमेरिका एवं चीन सहित विश्व के अधिसंख्य देशों पर आंख बंद करके विश्वास नहीं कर सकते हैं, तो फिर अफगानिस्तान के तालिबानी शासन के प्रति भी हमें कूटनीतिक रूप में अति जागरूक व सतर्क रहने की आवश्यकता है।

बिलासपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025 कार्तिक कृष्ण पक्ष षष्ठी | वर्ष : 25, अंक : 200 | पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00*** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



**वर्षवार पहाड़ी मैना**

| वर्ष | घोंसलों की संख्या | मैना की संख्या | झुंडों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2022 | 20 | 50-60 | 5-10 |
| 2023 | 50 | 200-250 | 30-35 |
| 2024 | 80 | 300-400 | 40-45 |
| 2025 | 150 | 600 से अधिक | 50-60 |

## 10 मैना मित्र कांगेरघाटी से लगे 40 गांवों में जाकर कर रहे सर्वे और जागरुकता

# पंख बढ़े, तादाद बढ़ी और पेड़ हंसे, अब 25 गांवों में 60 झुंडों में दिखी बस्तर की पहाड़ी मैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में तीन साल पहले जहां केवल 50 से 60 मैना के झुंड देखे जाते थे। यह झुंड अक्सर कोटमसर और नगलसर क्षेत्रों में देखा देते थे। लेकिन अब झुंठ की संख्या 50 से 60 हो गई है। एक झुंड में दस से पंद्रह मैना दिख रही हैं। संख्या के लिहाज से यह 600 से अधिक मैना अब 25 गांवों में नजर आने लगी हैं। मैना की बढ़ती संख्या की ▶▶ शेष पेज 6 पर



### प्रजनन काल व घोंसला निर्माण

राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि पहाड़ी मैना का प्रजनन काल क्षेत्रीय परिस्थितियों के अनुसार थोड़ा भिन्न होता हैए परंतु अधिकांशतः अप्रैल से जुलाई के बीच ये प्रजनन करती हैं। यह एक मोनोगेमस एक जोड़ा पक्षी है। नर और मादा मिलकर कटफोड़वा द्वारा बनाए गए पेड़ों के छेदों की तलाश करते हैं और टहनियां पत्तियां व पंखों से अपने घोंसले को सजाते हैं। अंडे देने के बाद दोनों मिलकर अंडों की ऊष्मायन और बच्चों की देखभाल करते हैं। वर्ष 2025 में किए गए मॉनिटरिंग कार्य के दौरान कई घोंसलों से पहाड़ी मैना के बच्चे उड़ना सीखते हुए देखे गए। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इसलिए बढ़ रही संख्या

मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्रीमती स्टायलो मंडावी ने बताया कि कांगेर घाटी के मैना मित्रों और मैदानी कर्मचारियों द्वारा घोंसलों के संरक्षण और अनुकूल आवासीय वातावरण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। कटफोड़वा द्वारा बनाए गए प्राकृतिक छेदों में इनके घोंसलों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि इनके प्रजनन स्थलों को सुरक्षित रखा जा सके। पहाड़ी मैना की काली चमकदार पंखुड़ियां और पीली कलगी इसे छत्तीसगढ़ की गौरव ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### एलओसी के पास पाक ड्रोन तलाशी अभियान शुरू

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा से



लगे अग्रिम गांवों के ऊपर दो पाकिस्तानी ड्रोन मंडराते नजर आने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया है। घगवाल क्षेत्र के चल्लियारी गांव और रामगढ़ के चमलियाल गांव के ऊपर ड्रोन देखे गए। बीएसएफ ने शनिवार तड़के दोनों इलाकों की घेराबंदी की।

### आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

**रांची।** झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी



विस्फोट में घायल हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के हेड कांस्टेबल महेंद्र लस्कर (45) की मौत हो गई। अर्धसैनिक बल ने शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में जराइकेला थाना क्षेत्र के नक्सल हिंसा प्रभावित बाबूडेरा-समता क्षेत्र में यह अभियान चलाया।

## राहुल-प्रियंका ने कहा-महिला पत्रकारों का अपमान अस्वीकार्य, प्रधानमंत्री रुख स्पष्ट करें

# अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की पत्रवार्ता में महिला पत्रकारों की नो एंट्री, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी की पहली भारत यात्रा अपनी शुरुआत के साथ ही विवादों में घिर गई है। मामला बीते शुक्रवार को उनके और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद नई दिल्ली में अफगानिस्तान के दूतावास में आयोजित की गई प्रेस वार्ता से जुड़ा हुआ है। जिसमें महिला पत्रकारों को आमंत्रित न करने को लेकर देश के भीतर राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। इधर, विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम में उनकी कोई भूमिका नहीं थी, यह अफगान दूतावास द्वारा आयोजित किया गया था।*

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) जैसे विपक्षी दलों के नेताओं ने एक्स पर एक के बाद एक पोस्ट कर मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सरकार पर निशाना साधा। जिसके बाद शनिवार को विदेश मंत्रालय की आधिकारिक प्रतिक्रिया आई और उसमें कहा गया कि बीते 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित की गई अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि नारी शक्ति पर प्रधानमंत्री मोदी के नारों का खोखलापन बेनकाब हो चुका है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के संवाददाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों की गैर मौजूदगी को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उनसे इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि यह महिला पत्रकारों का अपमान है।

### विदेश मंत्रालय ने शनिवार को दी सफाई, इस आयोजन में दूर-दूर तक हमारी कोई भूमिका नहीं

### पुरुष पत्रकारों को भी निकल जाना चाहिए बाहर

पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा, मैं हैरान हूं कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी द्वारा संबोधित प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया। मेरे निजी विचार से, पुरुष पत्रकारों को तब बाहर निकल जाना चाहिए था जब उन्हें पता चला कि उनकी महिला सहकर्मियों को बाहर रखा गया है या उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया है।



### विदेश मंत्रालय ने दिया स्पष्टीकरण

विदेश मंत्रालय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुत्ताकी के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद कोई संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित नहीं की गई। केवल अफगानिस्तान ने अपने दूतावास परिसर में एक अलग प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, मुत्ताकी ने भारत-अफगानिस्तान संबंधों, मानवीय सहायता, व्यापार मार्गों और सुरक्षा सहयोग सहित क्षेत्रीय मुद्दों पर बात की।

### अफगानिस्तान में महिलाओं पर कड़ी पाबंदी

गौरतलब है कि अगस्त 2021 में सत्ता संभालने वाले तालिबान 2.0 शासन के तहत, अफगानिस्तानी महिलाओं और लड़कियों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा दुनिया में सबसे गंभीर महिला अधिकार संकट का सामना करना पड़ रहा है। तालिबान ने महिलाओं के जीवन पर अपने प्रतिबंधों को इस कदर बढ़ाया कि वे सार्वजनिक अस्तित्व से गायब हो गई हैं।

### क्या है मामला

बताते चलें कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी 9 से 16 अक्टूबर तक भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर हैं। अफगानिस्तान के दूतावास द्वारा आयोजित की गई प्रेस वार्ता में कुल करीब 20 पुरुष पत्रकारों को ही बुलाया गया था। मुत्ताकी की भारत यात्रा के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने उन्हें हाल ही में मंजूरी प्रदान की थी। वर्ष 2021 में काबुल की सत्ता पर तालिबान के शासन के काबिज होने के बाद ये पहला मौका है। जब कोई वरिष्ठ अफगानी मंत्री भारत की यात्रा पर है।

# सिमटा कफ सिरप का कारोबार, डिमांड में पचास फीसदी की गिरावट

## दवा दुकान वाले स्टॉक क्लीयर करने और थोक वाले ऑर्डर कर रहे इंतजार


दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए खांसी के सिरप बैन, छत्तीसगढ़ में लिए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेश में दर्जनभर ब्रांडेड कंपनियों के साथ सौ से ज्यादा कफ सिरप बाजार में

खांसी रोकने वाली कफ सिरप से मौत का खुलासा होने का साइड इफेक्ट दवा बाजार पर भी हुआ है। दर्जनभर ब्रांडेड के साथ सौ से ज् या दा कंपनियों की दवा की प्रदेश में रोजाना 80 से 85 लाख की खपत होती थी, जो घटकर आधी हो गई ▶▶ शेष पेज 6 पर

### चिकित्सकों का कहना

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डा. किरण माखीजा एवं डा. निलय मोझरकर ने बताया कि छोटे बच्चों के लिए कफ सिरप पहले से ही प्रतिबंधित है। सामान्य सर्दी-खांसी तीन से चार दिनों में स्वमेव ठीक हो जाती है। जब अधिक समस्या होती है मसलन बच्चे खांसी की वजह खाना नहीं खा पाते अथवा रात में सो नहीं पाते तब उनका इलाज आवश्यक होता है। ऐसे बच्चों की खांसी रोकने के बजाए उसके कारणों का ▶▶ शेष पेज 6 पर

### प्रभावित तो हुआ है

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के संरक्षक ठाकुर राजेश्वर सिंह, अध्यक्ष विनय कृपलानी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी विग के मुताबिक कफ सिरप का कारोबार प्रभावित हुआ है। छोटे बच्चों के साथ बड़ी उम्र के लोग भी इस तरह की दवा का विकल्प मांग रहे हैं। तमाम दवा कारोबारी इसकी बिक्री डाक्टर की पर्ची के आधार पर कर रहे हैं। उनका तर्क है कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

# अयोध्या के 56 घाटों पर जलेंगे 28 लाख दीप

## दीपोत्सव पर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में 56 घाटों पर इस वर्ष 28 लाख दीप जलाकर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने की तैयारी चल रही है। अयोध्या इस वर्ष एक बार फिर विश्व मंच पर अपनी आस्था, संस्कृति और गौरव का प्रकाश फैलाने जा रही है। मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में इस बार ▶▶ शेष पेज 6 पर

### श्रद्धालु और पर्यटक बनेंगे साक्षी

इस अवसर पर लाखों श्रद्धालु और देश-विदेश से आए पर्यटक रामनगरी की इस दिव्य आभा के साक्षी बनेंगे। लक्ष्मण किला घाट पर पहली बार सवा चार लाख दीप प्रज्वलित होंगे। राम की पैड़ी और चौधरी चरण सिंह घाट पर करीब साढ़े चार लाख दीप जलाए जाएंगे।

बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद

आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!



स्वस्थ हृदय ही अच्छे स्वास्थ्य की पहचान है।

बैद्यनाथ असली आयुर्वेद

अर्जुनामृत



- अर्जुनामृत में अर्जुन के अलावा विडंग, गोखरू एवं नागकेशर जैसे बहुमूल्य जड़ी-बूटीयों से युक्त होने से अधिक गुणकारी है।
- बढ़ती उम्र के लिए लाभकारी।
- अर्जुनामृत के साथ शुध्द शिलाजीत युक्त प्रभाकर बटी का सेवन विशेष लाभदायक है।

A.U.4127/09/25/283

**श्री नितीन शर्मा, दुर्ग**

**प्र.** मेरी बेटी की उम्र 19 वर्ष है, उसे एक सप्ताह से बुखार है, गले में खराश भी है। कृपया उपचार बतायें।

**उ. बैद्यनाथ महासुदर्शन घन बटी** 1–1 टॅबलेट दिन में दो बार पानी के साथ भोजन के बाद दे, साथ में **बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** एक चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ दे।

**श्री शरद ओक, धमतरी**

**प्र.** मेरी उम्र 39 वर्ष है। शारीरिक कमजोरी आयी है। इस कारण शारीरिक संतुष्टी नही हो पाती। इस कारण बहुत परेशान हूँ।

**उ. बैद्यनाथ वीटा एक्स गोल्ड प्लस कॅप्सूल** 1–1 कॅप्सूल सुबह – शाम भोजन के बाद दूध के साथ लें। साथ में बैद्यनाथ धातुपौष्टिक चूर्ण 1 से 2 चम्मच समान भाग मिश्री और दुध के साथ लें।

**श्रीमती कुसुम तिवारी, बिलासपुर**

**प्र.** मेरी उम्र 52 वर्ष है, मुझे चलते समय घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठते–बैठते कमर दर्द भी रहता है, कृपया उपचार बतायें।

**उ. बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा** 3–3 चम्मच समभाग पानी के साथ सुबह–शाम भोजन के बाद लें। साथ में **बैद्यनाथ पेन क्विट टॅबलेट** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ पेन क्विट ऑईल** की दर्द के जगह हलकी मालिश करें।

**श्री गीरधर जोगी, रायपुर**

**प्र.** मुझे 5 साल से डायबिटीज है। आँखें के सामने अंधेरा छा जाता है व दिनभर के काम से रात में अत्याधिक थकान महसूस करता हूँ।

**उ. बैद्यनाथ च्यवनफिट (शुगरफ्री)** 1–1 चम्मच दुध के साथ सुबह शाम भोजनबाद लेवें। **बैद्यनाथ मधुमेहारि ग्रेन्युल्स** 1 से 2 चाय के चम्मच पानी के साथ लेवें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.)
प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : 844 844 4935 | www.baidyanath.co










*इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम और शेष बंधकों की रिहाई पर सहमति के बाद, विस्थापित फिलिस्तीनी गाजा शहर के जितून इलाके में अपने घरों की ओर लौटते हुए नष्ट हो चुकी इमारतों के पास से शनिवार को गुजरते हुए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल पर युद्धविराम शुक्रवार से लागू हो गया है। इजरायली सेना का भी लौटना शुरू हो गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार से ही मध्य गाजा में इकट्ठा हजारों लोग भी सेना की वापसी की घोषणा के बाद खंडहर हो चुके अपने घरों की और लौटना शुरू गए। शुक्रवार को इजरायली कैबिनेट के द्वारा ट्रंप की योजना को मंजूरी मिलने के बाद मध्य-पूर्व में पिछले दो साल से जारी युद्ध पर विराम लग गया है।*

## खबर संक्षेप

### यूएस राजदूत गोर मिले जयशंकर से



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने आज विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। जयशंकर और सर्जियो गोर के बीच अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। गोर अमेरिका के प्रबंधन एवं संसाधन उप सचिव माइकल जे रिगास के साथ छह दिवसीय यात्रा पर आए हैं। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अमेरिकी सीनेट ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में गोर की नियुक्ति की पुष्टि की है।

### कनाडाई विदेश मंत्री अनीता आएंगी भारत

**नई दिल्ली।** कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने घोषणा की है कि वह



12 से 17 अक्टूबर तक भारत, सिंगापुर और चीन का दौरा करेंगी। यह यात्रा कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति के तहत इन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने के लिए है। दिल्ली में मंत्री आनंद की भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुलाकात होगी। दोनों देश व्यापार डायवर्सिफिकेशन और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर रणनीतिक सहयोग के लिए एक ढांचा तैयार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने दीपिका को सौंपी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने दीपिका पादुकोण को देश की पहली 'मेंटल हेल्थ एंबेसडर' नियुक्त किया है। इस भूमिका में, दीपिका पादुकोण मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने और लोगों को मदद लेने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वो स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ मिलकर काम करेंगी, जिसमें टेली-एमएएनएएस जैसी सरकारी संसाधनों को बढ़ावा देना और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में आम चर्चा को बढ़ावा देना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मानसिक स्वास्थ्य पहलों को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### फोन पर लालू और कांग्रेस हाईकमान के बीच हुई बात

# सीटों को लेकर पेच खत्म, आरजेडी 135 वहीं कांग्रेस 55 सीटों पर लड़ेगी चुनाव!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर सहमति बन गई है। सूत्रों के मुताबिक, कल देर रात तक चली बैठक में सीटों की संख्या पर लगभग अंतिम निर्णय लिया गया। हालांकि, कुछ सीटों को लेकर अब भी घटक दलों के बीच मतभेद बने हुए हैं।

राजद अध्यक्ष लालू यादव और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बीच फोन पर बातचीत भी हुई है और सीटों पर फंसा पेच खत्म हो गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही सीटों का ऐलान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, महागठबंधन में आरजेडी को 135, कांग्रेस को 55, वीआईपी को 18, भाकपा माले को 20, सीपीआई को 6, सीपीएम को 4, जेएमएम को 2, आरएलजेपी को 2 और आईपी गुप्ता को 1 सीट दिए जाने की संभावना है। कुछ सीटों पर घटक दलों के बीच कैंडिडेट एडजेस्टमेंट का भी फॉर्मूला अपनाया जाएगा। हालांकि, माना जा रहा है कि 12 सीटों पर पेच अब भी फंसा है।

**बिहार में अगले महीने होने हैं विधानसभा चुनाव**

#### ये हैं विवादित सीट

विवादित सीटों में वीआईपी का दावा आरजेडी की शेखपुरा, सिमरी बख्तियारपुर, भभुआ, बड़हरा, महिषी और गौराबराम सीटों पर है। कांग्रेस ने आरजेडी की बायसी, बहादुरगंज और सहरसा सीट मांगी हैं, जबकि आरजेडी ने भाकपा माले की घोसी और पालीगंज सीट पर दावा किया है। सीपीआई ने आरजेडी की हरलाखी सीट पर दावेदारी जताई है। जेएमएम को कटोरिया और मनिहारी सीट मिलने की संभावना जताई जा रही है।

#### पारस की तरफ से नहीं बन पाई सहमति

आरएलजेपी नेता पशुपति पारस कुशेश्वरस्थान या वैशाली में एक सीट चाहते हैं, जिसमें सूरजभान सिंह को एडजस्ट करने की शर्त रखी गई है। सूत्रों के मुताबिक, इन विवादित सीटों पर आज सहमति बनने के बाद महागठबंधन 12 या 13 अक्टूबर को सीट शेयरिंग का औपचारिक ऐलान कर सकता है। इस बीच, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी शनिवार को तेजस्वी यादव के एक पोलो रोड स्थित आवास पर पहुंचे और लंबी बैठक हुई।

**एनडीए व महागठबंधन न अब तक नहीं किया है प्रत्याशियों का ऐलान**



#### एक्टर पवन नहीं लड़ेंगे चुनाव

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने इसका ऐलान कर दिया है और इसी के साथ उनके चुनावी मैदान में उतरने की अटकलों को भी विराम मिल गया है। पवन सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह चुनाव लड़ने के लिए बीजेपी में नहीं आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी ज्वाइन नहीं की थी और ना ही मुझे विधानसभा चुनाव लड़ना है।

#### एनडीए में सीट शेयरिंग पर मंथन जारी



उधर, एनडीए में भी सीट बंटवारे पर मंथन जारी है। दिल्ली में एनडीए के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई है। सूत्रों के अनुसार, एनडीए में एलजेपी (रामविलास) को गोविंदगंज सीट देने पर सहमति बन गई है, लेकिन ब्रह्मपुर सीट पर बीजेपी अब भी तैयार नहीं है। उपेंद्र कुशवाहा बाजपट्टी और शेखपुरा सीटों पर दावेदारी कर रहे हैं। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) पार्टी प्रमुख जीतन राम मांझी अपनी मांगों को लेकर झुक गए हैं। एक चैनल से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'फैसला होना है। यहां भी बातें हुई हैं। दिल्ली में भी बातें हुई हैं। अंतिम फैसला तो वहीं न होता है। हम एनडीए के पार्टनर हैं। जो सीटें मिलेंगी उसपर लड़ेंगे। हम अनुशासित लोग हैं अनुशासन में रहेंगे।' हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने 2020 बिहार विधानसभा चुनाव में सात सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी चार सीटें जीतने में सफल रही थी। बिहार के मगध और आसपास के क्षेत्रों में पार्टी की स्थिती मजबूत है।

# प. बंगाल में मेडिकल छात्रा के साथ गैंगरेप

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

**दुर्गापुर में कॉलेज परिसर के बाहर आरोपियों ने किया अगवा**

पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ गैंगरेप की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पीड़िता ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है।

शुक्रवार रात कॉलेज परिसर के बाहर आरोपियों ने उसे अगवा कर लिया। उसे जंगल में ले जाकर अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करके इस मामले की जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, ये घटना उस समय हुई जब छात्रा अपनी एक सहेली के साथ रात का खाना खाने के लिए कॉलेज परिसर से बाहर गई थी। शुक्रवार रात करीब 8 से 8:30 बजे के बीच तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्हें देखकर छात्रा की सहेली



घबरा गई और मौके से भाग निकली। इसके बाद आरोपियों ने पीड़िता का मोबाइल फोन छीन लिया और उसे जबरन पास के जंगल में ले गए। वहां तीनों ने छात्रा को हवस का शिकार बनाया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

#### पीड़िता की हालत नाजुक

*वारदात के बाद पीड़िता की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। उसे दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार सुबह पीड़िता के माता-पिता ओडिशा से दुर्गापुर पहुंचे. पीड़िता की मां ने पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। पिता ने कहा, 'हमने सुना था कि इस मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई और सुरक्षा व्यवस्था अच्छी है, इसलिए अपनी बेटी को ओडिशा से यहां भेजा था। लेकिन अब जो हुआ है, उसने हमें तोड़ दिया है। इस मामले में दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए।' पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया है और प्रारंभिक जांच में कई अहम सुराग मिले हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) की एक टीम पीड़िता और उसके परिवार से मिलने दुर्गापुर रवाना हो चुकी है। एनसीडब्ल्यू सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। पुलिस की निष्क्रियता चिंता का विषय है।*

# पाक में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर आतंकी हमला, सात पुलिसकर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**छह आतंकवादी भी हुए ढेर**



उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान जिले में शुक्रवार रात एक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसमें कम से कम सात पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और छह आतंकवादी ढेर हो गए। शुरू में प्रतिबंधित समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने हमले की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन बाद में उसने इससे इनकार किया। यह समूह अफगान तालिबान से जुड़ा है, लेकिन उससे स्वतंत्र है। हमले के बाद लगभग छह घंटे तक परिसर में गोलीबारी और विस्फोट का सिलसिला जारी रहा। हमला रत्ता कुलाची क्षेत्र में स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, हमलावरों ने भारी हथियारों का इस्तेमाल किया और एक आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोटकों से भरे ट्रक को मुख्य गेट पर टक्कर मारकर परिसर में घुसने की कोशिश की। शुरुआती धमाके से ही परिसर में डर और अफरा-तफरी मच गई।

#### वर्दीधारी आतंकी परिसर में घुसे

*पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमलावरों की बड़ी साजिश को नाकाम किया। विस्फोटक ट्रक के कारण मुख्य द्वार और चारदीवारी का हिस्सा ध्वस्त हो गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी शहीद हुआ। कुछ ही मिनटों में वर्दीधारी आतंकवादी परिसर में घुस आए और स्वचालित हथियारों व ग्रेनेड से सुरक्षा बलों पर हमला किया। बाद में पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने स्थिति को काबू में कर लिया। इस कार्रवाई में छह आतंकवादी मारे गए और उनके पास से आत्मघाती जैकेट, हथियार, विस्फोटक और गोला-बारूद बरामद हुआ।*

# उत्तर कोरिया के निशाने पर पूरा अमेरिका ...

**पेश की ह्वासॉन्ग-20 न्यूक्लियर मिसाइल**



प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने अपनी सबसे ताकतवर परमाणु मिसाइल ह्वासॉन्ग-20 का अनावरण किया। ये सॉलिड-फ्यूल वाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) है, जो पूरे अमेरिका को निशाना बना सकती है। किम जोंग उन ने इसे सबसे शक्तिशाली न्यूक सिस्टम बताया, जो पूरे अमेरिका को आसानी से हिट कर सकता है। नॉर्थ कोरिया ने 10 अक्टूबर को वर्कर्स पार्टी के 80वें स्थापना दिवस पर सैन्य परेड में पेश किया। रूस और चीन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# परिवार की सहमति के बिना एडीजीपी पूरन का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के आईपीएस अधिकारी और एडीजीपी वाई पूरन कुमार की संदिग्ध मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। परिजनों ने पुलिस पर बिना अनुमति के पूरन कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल ले जाने का आरोप लगाया है। कहा जा रहा है कि पुलिस ने परिवार की सहमति के बिना वाई पूरन कुमार का शव सेक्टर-16 अस्पताल से पीजीआई चंडीगढ़ भेज दिया।'

**हमारे साथ अन्याय हो रहा है: पूरन कुमार के रिश्तेदार**

इसको लेकर मृतक अधिकारी पूरन कुमार के साले अमित रत्तन ने भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि



**आईपीएस पूरन का शव ले गई पुलिस तो बिफरे परिजन**

'परिवार की कोई सहमति नहीं ली गई, फिर भी पुलिस ने शव को अपने स्तर पर पीजीआई भेज दिया, एडीजी लेवल का अधिकारी मर गया लेकिन हमें पांच दिनों बाद भी न्याय नहीं मिला है।' 7 अक्टूबर को एडीजीपी वाई पूरन कुमार का शव चंडीगढ़ स्थित उनके आवास से बरामद किया गया था।

### अमेरिकी दिग्गज कंपनी ने भारतीय खाद्य परंपरा को दिया स्थान

# गूगल ने किया सेलिब्रेट, डूडल पर छाई इडली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गूगल ने इडली शनिवार को अपने डूडल के जरिए इडली को सामने रखा है। केले के पत्ते पर इडली बनने की प्रक्रिया और परोसे जाने की पूरी प्रोसेस का ये एनिमेटेड डूडल काफी पसंद किया जा रहा है और नेटिजंस इस पर चर्चा कर रहे हैं। गूगल का ये डूडल भारतीय व्यंजन खासकर दक्षिण भारतीय खाद्य परंपरा को सेलिब्रेट करने का जरिया है, जिससे खान-पान की भारतीय परंपरा को दुनियाभर में एक वैलिडेशन मिला है।

#### ऐसा है एनिमेशन

डूडल में नरम इडलियां, केले के पत्ते और भाप छोड़ते बर्तन दिखाए गए हैं, जो दक्षिण भारतीय खाना पकाने की गर्मजोशी को सामने रखते हैं। यह गूगल की फूड एंड ड्रिंक सीरीज का हिस्सा है जो दुनिया भर में प्रिय स्थानीय व्यंजनों का सम्मान

**यह एनिमेटेड डूडल, गूगल की फूड एंड ड्रिंक सीरीज का है हिस्सा**



करती है। यह डूडल तमिल खाद्य संस्कृति के सम्मान में बनाया गया है, हालांकि विश्व इडली दिवस 30 मार्च को मनाया जाता है।

#### दक्षिण से उत्तर तक इडली का सफर

तमिलनाडु समेत सभी दक्षिण भारतीय राज्यों की सबसे पसंदीदा और वहां से सफर करके उत्तर भारत तक में अपनी पैठ बनाने वाली इडली स्वाद और पोषण से भरी रोचक नाश्ते की प्लेट है। इडली सिर्फ भोजन नहीं इससे कहीं ज्यादा भावना बन चुकी है।

डब्लूएचओ ने भी खानपान में इडली को कई पौष्टिक भोजनों में से एक माना है। किण्वन (फर्मंटेशन) की प्रोसेस के दौरान चावल के स्टार्च टूट जाते हैं, जिनसे आसानी से कार्बोहाइड्रेट का पचना आसान हो जाता है। इसलिए यह स्वास्थ्य मानकों पर भी आदर्श भोजन बन जाता है, जिसे खिचड़ी जैसा ही सम्मान प्राप्त है।

#### पुरातन है इडली का इतिहास

एक शानदार, हल्का और सुपाच्य नाश्ता होने के बावजूद इडली कहां से आई, इसे लेकर भी अनेक मत हैं। मशहूर शेफ रणवीर बरार ने भी एक टीवी शो में इसे इंडोनेशिया से आया व्यंजन बताया था। हालांकि बरार की इस टिप्पणी पर बहुत से नेटिजंस ने असहमति जताई थी। बता दें, इडली का जिक्र कई शताब्दी पीछे से होता आया है। वैदिक साहित्य के दौर में करव/कराव/करंभ नाम के एक पकवान का, ऋग्वेद में क्षीर पकोद्न का जिक्र है। ये भाप की पाव विधि वाले व्यंजनों का पूर्वज माने जा सकते हैं। इडली का जिक्र कन्नड़ साहित्य, संगम साहित्य में आता है। 9वीं सदी के कन्नड़ साहित्य में इसे इड्डीलीगे लिखा गया है। इडली के पुराने जिक्र कर्नाटक में मिलते हैं। 920 ईस्वी में शिवकोटी आचार्य की किताब 'वड्डाराधाने' में इडली को अतिथि को परोसने वाले 18 खास व्यंजनों में से एक बताया गया है।

MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

## WITH GST BENEFITS + *LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 2 10 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 52 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 65 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 85 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 23RD OCT ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 31ST OCT)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 23rd October '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

# वेंटिलेटर पर पहुंची डायल-112 सेवा, कॉल कनेक्ट नहीं होने से लोग होते रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आपातकालीन सेवा देने वाला डॉयल-112 शनिवार को अचानक वेंटिलेटर पर आ गया। इमरजेंसी सेवा में नंबर डायल करने पर कॉल कनेक्ट नहीं हो पा रहा था। इसके कारण लोग परेशान होते रहे।

डॉयल-112 सेवा के अधिकारियों से संपर्क करने पर अफसरों ने सुचारू रूप से सेवा चालू होने की बात कही। हरिभूमि, आईएनएच की टीम ने डॉयल-112 से संपर्क करने की कोशिश की, तो संपर्क नहीं हो पाया। शिकायत के बाद सेवा पुनः सुचारू रूप से संचालित हो पाई। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन काम करने वाली सी-डैक केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स डॉयल-112 में तकनीकी काम संभाल रही है। डॉयल-112 में गाड़ियों का संचालन अभी भी एवीपी कंपनी संभाल रही है। डॉयल-112 सेवा का संचालन करने अब तक टेंडर नहीं हो पाया है। सी-डैक को तकनीकी काम शासन के निर्देश पर पिछले महीने ही दिया गया है। वर्तमान में डॉयल-112 की 240 गाड़ियां अलग-अलग जिलों में संचालित हो रही हैं।

■ तकनीकी काम केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन काम करने वाली सी-डैक संभाल रही

### एक दर्जन राज्यों में सी-डैक की सेवा

जिस संस्था को कैबिनेट के प्रस्ताव पर डॉयल-112 सेवा के लिए तकनीकी काम सौंपा गया है, कई राज्यों में सी-डैक की सेवा में कमी होने की बात आई है। विरोध के बाद भी कंपनी को छत्तीसगढ़ में तकनीकी काम सौंपा गया है। सी-डैक ने पिछले महीने से डॉयल-112 में तकनीकी सेवा देना शुरू की है। बताया जा रहा है, पूरी तरह से सेटअप तैयार नहीं होने की वजह से डॉयल-112 में कॉल कनेक्ट नहीं हो पाया।

### कब दौड़ेगी 400 बोलेरो

डायल-112 अभी एक दर्जन जिलों में चल रही है। इसे 33 जिलों में चलाने की योजना है। इसके लिए ढाई वर्ष पूर्व 40 करोड़ की लागत से 400 बोलेरो खरीदी गई। टेंडर नहीं होने से सभी नई गाड़ियां धूल खाती खड़ी रहीं। गाड़ी खरीदने के बाद आज तक इन्हें सड़क पर नहीं उतारा गया। पीएचक्यू टेंडर होने का इंतजार कर रही है। जब नई कंपनी को टेंडर मिलेगा, तो उसे यह गाड़ी दी जाएगी। टेंडर नहीं हुआ, तो आगे भी गाड़ियां ऐसे ही खड़ी रहेंगी।

### सिस्टम अपडेट नहीं होने से बढ़ेगी समस्या

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने भी स्वीकार करते हुए कहा कि डॉयल-112 सेवा के लिए नई एजेंसी नहीं आ पाने की वजह से तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। जल्द ही डॉयल-112 सेवा के लिए नई एजेंसी तय नहीं होने पर आने वाले समय में समस्या और बढ़ेगी। वर्तमान में डॉयल-112 में जितनी गाड़ियां चल रही हैं, उनमें आधे से ज्यादा एक लाख किलोमीटर से ज्यादा चल गई हैं। ज्यादातर गाड़ियां मरम्मत कर चलाई जा रही हैं।

**राष्ट्रीय संगठन से निर्देश मिलते ही प्रदेश के नेता होंगे रवाना**

# बिहार चुनाव में कुछ प्रत्याशियों के नामांकन में जाएंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन का दौर प्रारंभ हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और दोनों डिप्टी सीएम भी कुछ प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होने जाएंगे। बिहार के मंत्री रहे नितिन नवीन छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। ऐसे में इस बात की संभावना ज्यादा है कि उनके नामांकन में प्रदेश के कई नेता जाएंगे।

राष्ट्रीय संगठन से जिनको जाने के निर्देश मिलेंगे वे जाएंगे। इसी के साथ प्रदेश के मंत्रियों, विधायक, सांसदों से लेकर भाजपा के कई नेता प्रचार करने जाएंगे। भाजयुमो का एक दल दिल्ली में प्रशिक्षण के लिए गया है, इसके बाद यह दल बिहार चुनाव में मोर्चा संभालेंगे। यहां के नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी भी मिलेगी। प्रदेश के नेताओं को बिहार चुनाव में जाने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से निर्देश का इंतजार है। वहां से निर्देश आने के बाद तय होगा कि यहां से कितने नेता जाएंगे। प्रदेश के कई



बड़े नेता वहां पर प्रचार भी करने जाएंगे। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश का महिला और एसटी मोर्चा वहां का दौरा कर चुका है। संभावना यही है कि ज्यादातर नेता दीपावली के बाद ही जाएंगे। बिहार के विधानसभा चुनावओं का ऐलान हो चुका है, वहां पर दो चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण के लिए नामांकन भरे जा रहे हैं। नामांकन के लिए भी अलग-अलग राज्यों के नेताओं को बिहार भेजा जा रहा है। प्रदेश के भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम भी नामांकन में जाएंगे और नामांकन रैली में शामिल होंगे।

### दीपावली के बाद जाने की संभावना

इस चुनाव में भी हमेशा की तरह भाजपा कई राज्यों के नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी देगी। प्रदेश के भाजपा नेताओं को भी वहां जाने का मौका मिलेगा, लेकिन अभी तय नहीं है कि बिहार चुनाव में किन-किन नेताओं को जाना है। भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्ली से प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के पास निर्देश आएंगे, इसके बाद यहां पर टीमें बनेंगी और तय होगा कि कौन-कौन कब जाएगा। दोनों चरणों के चुनाव के लिए अलग-अलग टीमें वहां जाएंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश की भाजपा सरकार के कुछ मंत्रियों को भी वहां पर प्रचार का जिम्मा मिल सकता है। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश की महिला मोर्चा की टीम जहां बिहार में दस दिनों का दौरा करके आई है, वहीं एसटी मोर्चा का भी एक दल दस दिनों तक वहां पर विधानसभा में जाकर आया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि एक सप्ताह बाद तो दीपावली है, ऐसे में संभावना यही है कि ज्यादातर नेता दीपावली के बाद ही अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में जाकर मोर्चा संभालेंगे।

## फसल के सर्वे में मकान की भी गिरदावरी कावरे ने निरीक्षण में पाई त्रुटि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में फसलों की गिरदावरी सत्यापन का कार्य जारी है। कलेक्टर से लेकर अन्य अधिकारी भी लगातार इसका निरीक्षण कर रहे हैं। रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे शनिवार को धमतरी जिले की कुरुद तहसील अंतर्गत ग्राम चर्रा में जाकर कई किसानों के खेतों में पहुंचे और गिरदावरी सत्यापन का निरीक्षण किया। इस दौरान एक किसान के फसल लगे खेत के एक हिस्से में मकान निर्मित पाया, जिसे पटवारी ने गिरदावरी में शामिल कर दिया था। संभाग आयुक्त ने संबंधित पटवारी को तत्काल त्रुटि सुधारने के निर्देश देते हुए मकान के हिस्से को गिरदावरी से कम करने को कहा। संभागायुक्त महादेव कावरे ग्राम चर्रा में गिरदावरी सत्यापन कार्य का निरीक्षण करने किसान मिश्रीलाल साहू के खसरा नंबर 999 रकबा 0.73 हेक्टेयर भूमि में धान फसल का अवलोकन किया। इस दौरान भूमि के एक हिस्से में मकान निर्मित पाया। इस पर संभागायुक्त ने पटवारी बिशनलाल ध्रुव को निर्देशित किया कि मकान निर्मित क्षेत्र को गिरदावरी से कम किया जाए।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाने विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों का समर्थकों पर दबाव

**रायपुर।** कांग्रेस जिला अध्यक्षों के नामों के मंथन में ब्लॉक में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के बीच मंथन का दौर जारी है, इस बीच यह जानकारी निकलकर सामने आ रही है कि विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों पर उनकी पसंद के लोगों के नाम लेने का दबाव है। यहां पर आ रही भीड़ उनके समर्थक ही ज्यादा आ रहे हैं।

बताया जाता है जिस तरह का माहौल है उनमें कार्यकर्ता यहां वहां घूम रहे हैं। ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए जो नाम सामने आए हैं। यहां पर ओबीसी वर्ग से नाम आगे बढ़ाने की रणनीति के बीच इसी वर्ग के लोगों की दावेदारी ज्यादा देखने को मिल रही है। पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा जो पांच साल से अध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं। वे फिर से दावेदारी कर रहे हैं। वहीं तीन बार के पूर्व पार्षद और एमआईसी मेंबर नाग भूषण राव यादव भी सक्रिय हैं। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से सतत संपर्क में हैं। वहीं अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय प्रवीण साहू का दावा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र पप्पू बंजारे, खिलेश्वर देवांगन, भावेश बघेल और विपिन मिश्रा इस पद के लिए लगातार कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मिल रहे हैं।

■ पर्यवेक्षक के सामने उमड़ रही भीड़, 15 को दावेदारों से मिलेंगे

## जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों की वेतनवृद्धि पर पंजीयक ने लगाई रोक

**रायपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर के कर्मचारियों को विगत पांच वर्षों से वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं दी जा रही है। सहकारिता पंजीयक द्वारा बैंक में प्रचलित सेवानियम के विपरीत डॉ. अमलोर पवनाथन कमेटी की सिफारिशों का हवाला देते हुए अन्य जिला सहकारी बैंकों एवं अपेक्स बैंक के लिए जारी आदेश से भिन्न, जिला सहकारी बैंक रायपुर एवं जगदलपुर हेतु बंधनकारी आदेश जारी किए गए हैं। कमेटी के जिस बिन्दु का उल्लेख कर इसे रोका गया है, वह बिन्दु बैंकों में नवीन भर्ती के मामले में लागू की जा सकती है। वेतनवृद्धि के मामले में पवनाथन कमेटी की सिफारिशें प्रदेश के किसी भी सहकारी बैंक में लागू नहीं हैं। सहकारी बैंक कर्मचारी सेवानियम में किसी कर्मचारी को दिये जाने वाले दण्ड के अलावा किसी अन्य कारण से वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं रोके जाने का स्पष्ट उल्लेख है। उसके बावजूद भी सहकारिता विभाग द्वारा इस बैंक के कर्मचारियों को विगत पांच वर्षों से वार्षिक वेतनवृद्धि जैसे मौलिक अधिकार से वंचित रखा गया है। बैंक के कर्मचारियों द्वारा सहकारिता पंजीयक एवं बैंक के प्राधिकृत अधिकारी सहित प्रदेश के मंत्रियों को ज्ञापन दिया गया है। शासन-प्रशासन उक्त विषय पर कोई भी निर्णय ले रहा है, फलस्वरूप बैंक के कर्मचारी विवश होकर कभी-भी आन्दोलन पर जाने के लिए बाध्य हैं। बैंक कर्मचारियों के आन्दोलन पर जाने से सहकारी बैंक रायपुर की सभी 73 शाखाओं, 550 सहकारी समितियों एवं 711 धान खरीदी केन्द्रों द्वारा संचालित की जाने वाली आगामी धान खरीदी सहित ग्राहक सेवा का कार्य ठप्प होगा। बैंक के संचालक मण्डल द्वारा उक्त प्रतिबंध को शिथिल करने हेतु भी पूर्व में प्रस्ताव करके पंजीयक, सहकारी संस्थाएं छग को भेजा गया है। सहकारिता पंजीयक के द्वारा इस बैंक के कर्मचारियों के वेतनमान संशोधन के लिए जारी किये गये आदेश में उल्लेखित प्रतिबंधात्मक बिन्दु अनुसार स्थापना व्यय, सकल आय का 15.00 प्रतिशत एवं कार्यशील पूंजी का 1.50 प्रतिशत से अधिक होने पर वेतनवृद्धि स्वमेव बाधित होने का उल्लेख किया गया है, जो कि सहकारिता अधिनियम के विपरीत है। मामले में हाईकोर्ट ने भी आदेश जारी किया है।

## छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड

(छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग) गोविन्द सारंग व्यवसायिक परिसर, द्वितीय तल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
Phone/Fax: 0771-2252334 Email: cghandicrafts@gmail.com
Website:-www.cghandicraft.cgstate.gov.in

क्र./895/ह.शि.वि.बो./ विप./ 2025-26 रायपुर, दिनांक : 10.10.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु इवेंट मैनेजमेंट फर्मों के इम्पैनलमेंट हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 31.10.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक प्राप्त की जावेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

निविदा बिना कोई कारण बतायें स्वीकार/अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रबंध संचालक
छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)

संवाद-45553

## कार्यालय प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई जिला - दुर्ग छ.ग.

Email-itibhl@rediffmail.com Ph. 0788-2281128

क्रमांक/औप्रसंभि/का.आ/प्लेसमेंट/2025/2162 दिनांक 09.11.2025

आदर्श शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जी.ई रोड पावरहाउस भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में दिनांक 16.10.2025 दिन- गुरूवार को निम्नानुसार कंपनी/उद्योग द्वारा नीचे उल्लेखित व्यवसायों के अभ्यर्थीयों के लिये जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी 10वीं, 12वीं, आई.टी.आई से प्राप्त मार्कशीट, सर्टिफिकेट एवं रिज्यूम के साथ उपस्थित हो सकते है।

| क्रमांक | उद्योग/प्रतिष्ठान का नाम | व्यवसाय का नाम |
|---|---|---|
| 1. | Shram In Jobs Job Location - Chhattisgarh | विद्युतकार, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट |

प्राचार्य
आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

जी-252604081/1

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)

**ऑनलाईन द्वितीयबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 435**

क्रमांक 2578/ निविदा/ग्रा.यां. सेवा/2025 रायपुर, दिनांक 09/10/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''स'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. द्वारा जारी दिनांक 01.06.2020 तथा ग्रा.यां. सेवा में लागू दर अनुसूची (एस.ओ.आर.) दिनांक 09.09.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 20/10/2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177311 | नया विकास भवन के प्रथम तल के ऊपर द्वितीय तल, तृतीय तल एवं चतुर्थ तल भवन निर्माण, विद्युतीकरण एवं फायर फायटिंग कार्य विकास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर। | 154.86 | 116300 | 3000 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 10/10/2025 से देखी जा सकती है।

टीप :-मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 24/10/2025 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

जी-252604087/3

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./यां. ला.म.नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम-आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 177267/निविदा सूचना क्र.16/व.ले.लि./2025-26
दिनांक. 09.10.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 30.10.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम - जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड बलौदा अंतर्गत कुदरी बैराज योजना के वि/यां उपकरणों का पेंटिंग कार्य।

अनुमानित लागत रू. 197.51 लाख (निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 16.10.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट :1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है।
3. निविदा पूर्व अर्हता के संबंध में निविदा प्रपत्र फार्म बी. के कंड़िका 2.1.1 (स.क्र. 4 एवं 5) एवं एनेक्चर। (पूर्व अर्हता एवं फार्म बी. दस्तावेज) में वर्णित अनुसार प्रमाण पत्र संलग्न करें।

कार्यपालन अभियंता
वि./यां.ला.म. नलकूप एवं गेट
संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

जी-252604078/4

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgsinte.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

**शुद्धि पत्र क्रमांक 04**

सिस्टम निविदा क्रमांक 175010/निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./2025-26
गरियाबंद दिनांक 10.09.2025

गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छूरा की पीपरछेड़ी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का शेष मिट्टी का कार्य आर.डी. 870 मी. से 1140 मी. के मध्य नाला क्लोजर का कार्य, कटऑफ, रॉक टो, फिल्टर एवं पिंचिंग का निर्माण कार्य, स्लूस का मरम्मत कार्य, बेस्ट वियर का निर्माण कार्य एवं स्पिल चैनल में शूटफाफल का निर्माण कार्य।

| विवरण | पूर्व में | संशोधित |
|---|---|---|
| .1. निविदा देखने/ डाउनलोड करने की तिथि: | दिनांक 09.10.2025, 17:31 | दिनांक 14.10.2025, 17:31 |
| 2. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : | दिनांक 23.10.2025, 17:30 | दिनांक 28.10.2025, 17:30 |
| 3.निविदा खोलने की तिथि : | दिनाक 24.10.2025, 11:30 | दिनांक 29.10.2025, 11:30 |

नोट: निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।
विज्ञापन क्रमांक 252603835/
दिनांक 26.09.2025

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी
गोदावरी कछार जल संसाधन
विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-252604098/5

## कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**अधिसूचना** दिनांक 01/08/2025

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक- 202507042100006 /अ-82/2024-25 चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कॉलम (1) रो (5) में दर्शित भूमि की अनुसूची के कॉलम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने संभावना है, अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013, जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 का जायेगा, की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद्वारा अनुसूची के कॉलम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है।

**अनुसूची**

| भूमि का प्रकार | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम /प.ह.नं. | खसरा नं | रकबा (हे. में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| रायगढ़ | रायगढ़ | कुसमूरा /20 | 297/2 | 0.041 | कार्यपालन अभियंता केलो परियोजना निर्माण संभाग लाखा, अ.मु. खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग) | जामपाली माईनर नहर निर्माण हेतु |
| | | | कुल खसरा संख्या 01 कुल रकबा 0.041 हे. | | | |

2. यह भी सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्ष के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा। 3. भूमि का नक्शा/प्लान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रायगढ, के कार्यालय में देखा जा सकता है। 4. प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है। 5 . प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रायगढ़, जिला रायगढ़ को पुनर्वास और पुनर्वस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

कलेक्टर रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव
छ. ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी-252604063/1

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**ईश्तहार/उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र.................... अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम धौराभाठा तहसील बिलाईगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम धौराभाठा तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक उत्तम पिता रामसहाय जाति लोहार साकिन धौराभाठा तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि आवासीय प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 15/10/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

-: अनुसूची :-

भूमि खसरा नं. 68 रकबा 0.040 हे. पैसे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 01/10/2025 को जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा) बिलाईगढ़

जी-252604054/1

## कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा) जिला रायगढ़ छ.ग.

फोन: 07762-222103 Email: mining-raigarh@cg.gov.in

क्रमांक/2164/रेत/2025 रायगढ़, दिनांक 10/10/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन पट्टा खदान
आबंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 के तहत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से प्रथम चरण में कुल 05 साधारण रेत उत्खननपट्टा खदान 1. बरभौना, तहसील खरसिया, 2. बायसी, तहसील धरमजयगढ़, 3. कंचनपुर, तहसील घरघोड़ा, 4. लेबड़ा, तहसील रायगढ़ एवं 5. पुसल्दा, तहसील छाल आबंटन किया जाना है, जिस हेतु अर्हता प्राप्त बोलीदार इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली, 07 दिवस, 31.10.2025 से 06.11.2025 (05:30 PM तक) तक जमा की जायेगी। बोली केवल MSTC के ऑनलाईन पोर्टल https://mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। निविदा के नियम नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एमएसटीसी पोर्टल, खनिज साधन विभाग की वेबसाईट https://chhattisgarhmines.gov.in/ जिला कार्यालय की वेबसाईट https://raigarh.gov.in/en/ तथा कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला रायगढ़ (छ.ग.), संबंधित ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/जिला पंचायत भवन के सूचना पटल में अवलोकन कर प्राप्त कर सकता है।

खनि अधिकारी जिला रायगढ़ (छ.ग.)
मो. नंबर 9926545072

जी-252604101/4

## कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

फा.क्र. / संपदा/15/भवन / 2025 कोरबा दिनाक 06/10/25

**लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा आबंटित भवन/भूखण्ड/दुकान के विक्रय/लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | प्रकार/कमांक |
|---|---|---|---|---|
| | | भवन | | |
| 1 | असीम वर्मा पिता श्री बिन्देश्वरी प्रसाद वर्मा एवं अदिती वर्मा व अनुजा वर्मा दोनो पिता री असीस वर्मा, सभी निवासी सावित्री निवास कांति नगर, विनोबा नगर बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) | श्रीमती रिंकू गुप्ता, उम्र 41 वर्ष, पति श्री रामबाबू गुप्ता, निवासी एल.आई.जी. 120 पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) | पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा | एल.आई.जी. 103 |
| 2 | श्रीमती सरिता अग्रवाल, पति श्री सुशील अग्रवाल, निवासी 97 जवाहर कॉलोनी पुराना एसएससी आफिस रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) | श्रीमती सोनी कुमारी, उम्र 29 वर्ष, पति श्री सुनील कुमार, निवासी म.नं. 686 वार्ड क्रमांक 22 मुड़ापार कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर कोसाबाड़ी कोरबा | एच.आई.जी. 101 |
| 3 | श्रीमती वेमुपल्ली वेंकट शैलजा पति वेमुपल्ली वेंकटेश्वर राव एवं यलमंचि सतीश, पिता श्री यलमंचि राजा बपैया, निवासी-पोरकी जिला-कृष्णा (आंध्रप्रदेश) | काजी रूखसार हुसैन, उम्र 43 वर्ष, पिता अबरार हुसैन काजी, निवासी म.नं. 320 पुरानी बस्ती दर्री जमनीपाली, तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.) | सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर कोरबा | एच.आई.जी. 02 |
| 4 | श्री गंगा सागर पाठक आ.श्री कपिलेश्वर पाठक, निवासी म.नं. 534 रामपुर कोरबा, तहसील व जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्री संदीप सिंह आ.श्री राम उजागर सिंह, निवासी प्लाट नं. 04 राजेन्द्र पथ, वैशाली नगर कुसमुण्डा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | पं. रविशंकर शुक्ल नगर कोरबा | एम.आई.जी. II/73 |
| 5 | श्रीमती पूजा विश्वकर्मा, पति श्री राकेश विश्वकर्मा, निवासी पुरानी बस्ती म.नं. 411 कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) | डॉ. राजेन्द्र साहू, पिता श्री पी.आर. साहू, निवासी-113 आई.आर.सी.सी. ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर कोरबा | एच.आई.जी. 71 |
| | | दुकान | | |
| 1 | श्री शिव कुमार सेठ, पिता स्व. जोखुराम सेठ, निवासी-प्लाट नं. 54 सी1 सी2 सुभाष नगर कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | आतिफा खान पति रिजवान खान, निवासी म.नं. 43 इंदिरा विहार टी.पी. नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक घण्टाघर काम्पलेक्स कोरबा | दुकान नं. सी-14 |
| 2 | श्री हेमंत कुमार शर्मा पिता स्व.एस.एल. शर्मा, निवासी एच.आई.जी. 54 महाराणा प्रताप नगर कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | मोहम्म्द नईम अंसारी, पिता मो. तसलीम अंसारी, निवासी 572 तुलसी नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | स्पोर्टस काम्पलेक्स कोरबा | दुकान नं. 05 |
| 3 | श्रीमती कमल कुकरेजा पति स्व. कन्हैया लाल कुकरेजा, निवासी-गोकुल गंज सीतामढ़ी कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री जितेश कुमार मखवानी, पिता रमेश कुमार मखवानी, निवासी- सिंधी कॉलोनी रानी रोड कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | बुधवारी बाजार काम्पलेक्स | दुकान नं. 17 |

नोट:- निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन/आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

संपदा अधिकारी
नगर पालिक निगम कोरबा
जिला-कोरबा (छ.ग.)

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## एयरपोर्ट से नवा...

